## एक नजर में

### खजुराहो में विधिक सहायता एवं मध्यस्थता के भविष्य पर समीक्षा बैठक की



**कसरावद निप्र।** भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश छतरपुर जिले के खजुराहो आए। खजुराहो स्थित महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित पैरालीगल वालेंटियर्स एवं पैनल अधिवक्ताओं की रणनीतिक भूमिका, विधिक सहायता एवं मध्यस्थता के भविष्य पर आयोजित बैठक की समीक्षा की गई उक्त कार्यक्रम का जिला एवं तहसील न्यायालय पर न्यायाधीश पैनल लॉयर एवं पैरा लीगल वालंटियर को वर्चुअल माध्यमसे जुड़ना था उक्त कार्यक्रम में कसरावद से तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष मीता पवार जंदेल, कसरावद न्यायाधीश सुश्री इतीशा संघवी, पैनल अधिवक्ता सचिन बाथम एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स आकिल खान,देवदत्त एक्कल, डॉक्टर सुदर्शन गोखले, जगदीश वर्मा मौजूद रहे।

### सुराणा नगर कॉलोनी में सेवा निवृत्त प्रधान अध्यापक के घर चोरी की वारदात हुई


**बड़वाह निप्र।** सुराणा नगर कॉलोनी में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मंगत्या मगरे के बंद मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल परिवार को इसकी जानकारी दी। घटना के वक्त मगरे दंपत्ति उज्जैन में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। मिली जानकारी के अनुसार, मंगत्या मगरे कुछ समय से अपनी पत्नी के साथ उज्जैन में छोटे बेटे मयूर के पास रह रहे हैं, जो वहाँ एक बैंक में पदस्थ हैं। उनका बड़ा बेटा हेमंत इंदौर में रहता है।




परिवार हाल ही में उज्जैन में आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में शामिल था, इसी दौरान बड़वाह स्थित उनके घर में चोरी की घटना हुई। चोरी की सूचना मिलते ही उनकी बड़ी बेटी मंजुला गोयल, जो पुखराज कॉलोनी बड़वाह में निवास करती हैं, मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि माता-पिता कई दिनों से बड़वाह नहीं आए थे। सूचना मिलने पर मंगत्या मगरे उज्जैन से तथा बेटा हेमंत इंदौर से बड़वाह के लिए रवाना हो गए हैं। घर से क्या-क्या सामान चोरी हुआ है, इसका खुलासा परिवार के लौटने पर होगा। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि दो दिन पूर्व रात में सुराणा नगर और रेवा नगर क्षेत्र में कुछ संदिग्ध लोग देखे गए थे। घटना की खबर पुलिस को दे दी गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन

**बड़वाह निप्र।** मैंने जब से लिया तुम्हारा नाम रे, तूने जग में बना दी पहचान है, खाटू न आऊं तो जी घबराता है, तेरा साथ है तो मुझे क्या फिकर है आदि भजन सुनाए। ग्राम पंचायत नावघाट खेड़ी स्थित जगदीश बैरागी परिवार द्वारा पूर्णिमा के अवसर गुरुवार कि रात्रि में खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें भगवान खाटू श्याम का आकर्षक दरबार सजाया गया। सिसोदिया म्यूजिकल ग्रुप के भजन गायक रवि व्यास द्वारा प्रस्तुत भक्ति भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे। रातभर चली इस विशाल भजन संध्या में खाटू श्याम का अलौकिक दरबार सजाया गया। भक्तों पर पुष्प तथा इत्र वर्षा हुई। साथ ही दरबार मे अखंड ज्योत जगी। कार्यक्रम के पश्चात महाआरती कर प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर राहुल वैष्णव प्रवीण बैरागी सचिन बैरागी प्रदीप बैरागी अर्जुन केवट ब्रजेश यादव महेश गुले लक्ष्मण बापू सुनील नामदेव रितेश कौशलसहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



### अच्छे टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को किया पुरस्कृत

**खरगोन।** पुलिस लाईन में शुक्रवार को जनरल परेड का आयोजन किया गया। एसपी रविंद्र वर्मा ने परेड का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को किया प्रोत्साहित करते हुए सजग रहकर ड्यूटी करने के दिए दिशा- निर्देश दिए। जनरल परेड के लिए सुबह 6 बजे पुलिस बल परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। जनरल परेड में एएसपी शहर बिट्टू सहगल, जिले के 02 एसडीओपी/ डीएसपी समस्त चौकी एवं थाना प्रभारी एवं पुलिस लाइन व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लगभग 130 पुलिसकर्मी मौजूद रहे। परेड कमांडर लाईन सुबेदार मुकेश हायरी ने एसपी वर्मा को परेड की सलामी दी एवं परेड के निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने टर्नआउट को चेक किया गया व अच्छे टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत भी किया। इसके बाद पुलिस विभाग के वाहनों के रखरखाव को परखा गया। वाहनों को दुरूस्त रखने और आवश्यक सुरक्षा उपकरण हमेशा वाहनों में रखे जाने के निर्देश दिए। आपात स्थिति से निपटने के लिए रखी बलवा ड्रिल सामग्री का भी निरीक्षण किया। एसपी वर्मा ने बताया पुलिस विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। पुलिस फोर्स में परेड को अनुशासन की जड़ माना जाता है, परेड होने से पुलिस फोर्स में अनुशासन के साथ ही एक साथ टीम के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।



### पुनर्वास स्थल सायता में विस्थापितों के दस्तावेज प्राप्त करने लगाया शिविर

**खरगोन।** सरदार सरोवर परियोजना से डूब प्रभावित व्यक्तियों को दिए गए पट्टों की रजिस्ट्री के लिए कसरावद अनुभाग के पुनर्वास स्थलों में विस्थापितों के दस्तावेज प्राप्त करने हेतु 05 दिसंबर ग्राम सायता में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विस्थापित ग्रामीणों से आवेदन पत्र, घोषणा पत्र, आवंटन पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड/फार्म-80, उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र एवं पट्टा धारक की मृत्यु की दशा में तहसीलदार द्वारा जारी प्रमाणपत्र आदि प्राप्त किये गए। इसी प्रकार डूब प्रभावित व्यक्तियों को दिए गए पट्टों की रजिस्ट्री व दस्तावेज प्राप्त करने के लिए ग्राम सायता में 06 दिसंबर को पुन: शिविर आयोजित किया जाएगा।



### गिरने की आशंका में नाले में तलाशते रहे परिजन, बालक सुरक्षित पहुंच गया घर

**खरगोन।** शहर के कालादेवल मंदिर क्षेत्र में नाले का खुला चेंबर रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। शुक्रवार दोपहर नाले के समीप खेल रहे बच्चे के अचानक लापता होने पर क्षेत्र में अफरातफरी मच गई, हालांकि बच्चा कुछ देर बाद सुरक्षित घर पहुंच गया था। बच्चे की दादी नर्मदा बाई ने बताया कि 9 वर्षीय पोता तनिष्क पिता विजय नाले के पास खेल रहा था। जब घर नही लौटा तो उसे देखने आई। यहां पोते की चप्पल और साइकिल पड़ी देख घबरा गई। परिवार के लोगों को सूचना देकर बुलाया। रहवासी भी इकट्ठा हो गए। परिवार के लोगों ने नाले में उतरकर बच्चे की तलाश शुरु की, लेकिन नही मिला। इसके कुछ देर बाद सूचना मिली की बेटा अपने बड़े पापा के साथ चला गया था और सुरक्षित है।



# सिविल अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग

## मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मिले विधायक सचिन बिरला

नवभारत न्यूज

**बड़वाह निप्र।** बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों,उप स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों की भारी कमी के कारण क्षेत्रवासियों को हो रही कठिनाइयों से विधायक सचिन बिरला ने भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को अवगत किया। विधायक ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों के लंबे समय से रिक्त पड़े पदों के कारण क्षेत्रवासियों को रही कठिनाइयों से अवगत कराया और सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की। ताकि बड़वाह विधानसभा के शहरी,ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के रोगियों को समय पर समुचित चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि बड़वाह नगर के सिविल अस्पताल में प्रथम श्रेणी के मेडिकल विशेषज्ञ,शल्य चिकित्सक,स्त्री रोग विशेषज्ञ,शिशु रोग विशेषज्ञ,नेत्र रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, पैथालॉजिस्ट, ईएनटी रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपिस्ट के 11 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 10 पद रिक्त हैं। द्वितीय श्रेणी चिकित्सकों के 9 पदों में से 4 पद रिक्त हैं। पेरामेडिकल स्टाफ के 75 पदों में से 48 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार सिविल अस्पताल बड़वाह में 10 बेड का आईसीयू तथा 12 बेड का बच्चों का आईसीयू वार्ड है। किंतु रोगियों की चिकित्सा के लिए अनुभवी एमडी, एमएस चिकित्सक एवं एनिस्थिसिया चिकित्सक लंबे समय से उपलब्ध नहीं है। बड़वाह के सिविल अस्पताल में महंगी सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध है। किंतु रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में रोगियों को महंगी फीस देकर सोनोग्राफी हेतु निजी चिकित्सालयों में जाना पड़ रहा है। विधायक ने बताया कि ल सनावद के सिविल अस्पताल में प्रथम श्रेणी चिकित्सक,मेडिकल विशेषज्ञ,शल्य क्रिया विशेषज्ञ,शिशु रोग विशेषज्ञ,निश्चेतना विशेषज्ञ,नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के स्वीकृत 6 पदों में से 5 पद रिक्त हैं। द्वितीय श्रेणी चिकित्सकों के 8 स्वीकृत पदों में से 6 पद रिक्त हैं। पेरामेडिकल स्टाफ के स्वीकृत 57 पदों में से 21 पद रिक्त हैं। इस कारण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हैं। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गत जून माह में बेड़िया में बेड़िया कस्बा के 10 बेड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 30 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन करने की घोषणा की थी। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़िया के उन्नयन के आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की।



विधायक ने बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के 30 प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति से भी स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया। विधायक ने बताया कि 30 उप स्वास्थ्य केंद्रों में 30 एएनएम के पदों में से 24 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार एमपीडब्ल्यू के स्वीकृत 30 पदों में से 25 पद रिक्त हैं। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की कि स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल एवं एनएचएम पोर्टल को अपडेट कर बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के अस्पतालों में चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों की पदपूर्ति शीघ्र की जाए। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के लंबे हिस्से से इंदौर-इच्छापुर हाइवे गुजरता है। हाइवे पर होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों को सनावद अथवा बड़वाह के सिविल अस्पतालों में लाया जाता है। किंतु चिकित्सकों की कमी के कारण घायलों को समय पर प्राणरक्षक चिकित्सा नहीं मिल पाती और विवश होकर घायलों को इंदौर,खरगोन और खंडवा के अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है। इस कारण अनेक घायल रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। इसके अलावा ओंकारेश्वर तीर्थ जाने वाले श्रद्धालु और नर्मदा परिक्रमावासी हजारों की संख्या में बड़वाह विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। इसलिए बड़वाह और सनावद के सिविल अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों की नियुक्ति अति आवश्यक है। इसके अलावा बड़वाह विधानसभा के शहरी,ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के मरीजों और घायलों की समुचित चिकित्सा के लिए सनावद और बड़वाह के सिविल अस्पतालों में चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों के रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरा जाना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक को आश्वस्त किया कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के सिविल अस्पतालों,उप स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के रिक्त पदों को शीघ्र ही भरा जाएगा।

## उपाध्याय श्री विभंजन सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश, हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

**सनावद निप्र।** त्याग, तप और जैन धर्म की अनुपम परंपरा से जुड़ी धर्मनगरी सनावद में गुरुवार सुबह मंगल बेला में समाधि सम्राट आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य उपाध्याय श्री 108 विभंजन सागर जी महामुनिराज का संपूर्ण संघ सहित सिद्धवरकूट की ओर से नगरी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। रेल्वे गेट पर समाज के श्रद्धालु सुबह से ही उपस्थित थे। ढोल-नगाड़ों, जयकारों और मंगल ध्वनि के बीच गुरुदेव का स्वागत किया गया। नगर के विभिन्न जैन मंदिरों के दर्शन के बाद श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में महिला मंडल ने आकर्षक रंगोली सजाकर उपाध्याय श्री के चरण प्रक्षालन का पुनीत कार्य संपन्न किया। तत्पश्चात उपाध्याय श्री ने स्वयं कमल केके, रितेश मुंशी, सुनील मास्टर, मनीष चौधरी एवं अनुभव सराफ को दर्शन लाभ का सौभाग्य प्रदान किया। मंदिर में पहले से विराजमान मुनि श्री अक्षय सागर जी महाराज और उपाध्याय श्री विभंजन सागर जी महाराज का भावपूर्ण मिलन हुआ। दोनों महामुनिराजों ने एक-दूसरे को 'नमोस्तु' कहा। सभा का शुभारंभ अचित्य जैन द्वारा मंगलाचरण से हुआ।

**उपाध्याय श्री की प्रेरक देशना:**-उपाध्याय श्री ने कहा, 'आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज की जन्मभूमि सनावद में पहली बार आना हुआ। यह वह पावन भूमि है जहाँ से 18 साधुओं ने गृह त्याग कर मोक्ष मार्ग अपनाया। यहाँ के मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा अत्यंत प्राचीन एवं अतिशयकारी है। आप सभी अत्यंत पुण्यशाली हैं जो सिद्धक्षेत्र सिद्धवरकूट के इतने निकट रहते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'नए जिनबिंब प्रतिष्ठा करना महान पुण्य का कार्य है। मन से यह भ्रम निकाल दें कि इतनी प्रतिमाएँ हो गईं; यही प्रतिमाएँ कालांतर में अतिशय क्षेत्र बनेंगी और आपको पुण्य बंधन देंगी।'




**मुनि श्री अक्षय सागर जी का उद्बोधन:**- मुनि श्री अक्षय सागर जी महाराज ने कहा, 'जो व्यक्ति जीवन के रहस्य को समझ लेता है, वही उसका सही मूल्यांकन कर पाता है। जो नहीं समझ पाता, वह केवल निर्वाह करता है, निर्वाण नहीं पाता। हर जीव का अंतिम लक्ष्य निर्वाण ही होना चाहिए।'

## पटवारी 25 हजार की रिश्वत लेते धराया



**मंडलेश्वर निप्र।** पटवारी हल्का नंबर 24 के पटवारी छतर सिंह चौहान को शुक्रवार दोपहर 2 बजे लोकायुक्त पुलिस इंदौर के डी एस पी आनंद चौहान की टीम ने रंगे हाथों पटवारी भवन मंडलेश्वर में पकड़ लिया। पटवारी छतर सिंह चौहान ने एक कृषि भूमि के नामांतरण के लिए 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। जिसकी पहली किश्त 25 हजार शुक्रवार को पटवारी ने ली थी।

**नामांतरण हेतु मांगे थे 50 हजार:**- ग्राम खारिया, ग्राम पंचायत लाड़वी के निवासी बच्चू सिंह चौहान ने लोकायुक्त इंदौर को एक आवेदन देकर कृषि भूमि के नामांतरण हेतु पटवारी द्वारा रिश्वत मांगने को लेकर शिकायत की गई थी उसके बाद लोकायुक्त पुलिस इंदौर की रणनीति के अनुसार शुक्रवार पटवारी को 25 हजार रुपए दिए गए थे बाकी 25 हजार नामांतरण होने के बाद देने का वादा किया गया था। शिकायतकर्ता ने अपनी पत्नी श्रीमती रिंकी चौहान और भाभी अनिता चौहान के नाम से कृषि भूमि खरीदी थी उसके बाद नामांतरण हेतु उप तहसील कार्यालय मंडलेश्वर में आवेदन दिया था यह कृषि भूमि पटवारी हल्का नंबर 24 खारिया में होने के कारण यह काम हल्का नंबर 24 के पटवारी के पास था। सितम्बर माह में बच्चूसिंह द्वारा नामांतरण के लिए आवेदन दिया गया था उसने आवेदन के साथ जमीन खरीदी की रजिस्ट्री भी संलग्न की गई थी सारे दस्तावेज जमा करने के बाद भी नामांतरण नहीं हुआ जब पटवारी से बात की गई तो उसने रिश्वत की मांग की थी इसके बाद यह बड़ी कार्यवाही की गई है। समाचार लिखे जाने तक लोकायुक्त पुलिस की कार्यवाही जारी थी।

## उपाध्याय श्री विभंजन सागर जी महाराज ने किए सनावद के प्रमुख तीर्थों के दर्शन

**सनावद निप्र।** जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष और पुण्य का अवसर बना जब प्रख्यात दिगंबर मुनिराज उपाध्याय श्री 108 विभंजन सागर जी महाराज ने सनावद में पदार्पण किया। सिद्ध क्षेत्र श्री सिद्धवरकूट के दर्शन कर नगर पधारे पूज्य उपाध्यायश्री ने नगर से मात्र 3 किलोमीटर दूर स्थित दो प्रमुख तीर्थों का भक्ति-भाव से दर्शन-वंदन किया।

1. वात्सल्य वारिधि आचार्य रत्न श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद से निर्मित श्री सिद्धांचल पोदनपुरम तीर्थ



2. जैन जगत की सर्वोच्च साध्वी गणिनी प्रवर आर्यिका श्री 105 ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से निर्मित श्री 1008 णमोकार धाम

उपाध्यायश्री ने दोनों तीर्थों की वास्तुकला, इतिहास और व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली तथा तीर्थों के विकास कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें श्री सन्मति जैन, श्री काका वारिस जैन, श्री सरल जटाले, श्री सुधीर जैन, श्री आशीष जैन सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएँ उपस्थित होकर पूज्य उपाध्यायश्री के दर्शन और प्रवचन का लाभ ले रही हैं। समाजजन इस पावन अवसर को ऐतिहासिक बता रहे हैं और सभी से इन तीर्थों में आकर दर्शन करने की अपील कर रहे हैं।

## सनावद में भारी वाहनों से दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा, कांग्रेस ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**सनावद निप्र।** शहर में दिन-रात हो रही सड़क दुर्घटनाओं से त्रस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज जोरदार प्रदर्शन करते हुए सनावद थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि शहर के अंदर भारी डम्पर, कैप्सूल वाले ट्रक और अन्य बड़े वाहनों के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बायपास रोड होने के बावजूद भारी वाहन चालक मनमानी करते हुए शहर के भीतरी रास्तों से गुजर रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़कें टूट रही हैं और आम नागरिकों की जान खतरे में है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नकुल पटेल, भूपेंद्र पटेल, मुकेश कौशल, आफताब हिलाल, शाकिरिन जरार, वार्ड 3 के पार्षद जय शिंदे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं शहरवासी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लेकर उच्चाधिकारियों एवं प्रशासन को अवगत कराया जाएगा तथा यथासंभव शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर जनसमस्या पर कितनी जल्दी अमल करता है।




एक नजर में | जिसकी कुल कीमत 988500 रुपए

## अवैध गांजा खेती पर पुलिस का शिकंजा कुल 278 गांजे के पौधे पुलिस ने किए जब्त

नवभारत न्यूज

**महेश्वर निप्र।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन एवं खरगोन पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ जोन के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो एवं मादक पदार्थों की खेती करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने की लिए निर्देशित किया गया था। इसी तार्यतंब में महेश्वर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि भवनतलाई के रहने वाले कैलाश पिता रामा डाबर और दिनेश पिता रामा डावर तथा हिंडोला गवाड़ी के रहने वाले सुरेश पिता हरे सिंह निनामा ने अपने खेत की कपास की फसल के बीच में अवैध रूप से गांजे के पौधे लगाए हुए है। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना महेश्वर एवं चौकी काकड़दा से पुलिस टीम का गठन किया व थाना प्रभारी महेश्वर जगदीश गोयल के नेतृत्व में मिथुन चौहान प्रियंका तोमर एवं राकेश सिसोदिया को तीन अलग अलग टीमों की मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया। बताए हुए स्थान पर भवन तलाई में कैलाश पिता रामा डावर एवं दिनेश रामा डावर के खेत में एवं ग्राम हिंडोला गवाड़ी में सुरेश पिता हरे सिंह निनामा के खेत में अलग अलग दबिश दी गई। दबिश के दौरान खेत में हरे गांजे के पौधे दिखाई दिए। भवन तलाई में कैलाश पिता रामा डावर के खेत से कुल 36 गांजे के पौधे जिसकी कुल कीमत 167000 रुपए पाई गई। कैलाश पिता रामा डावर को तलाश करते नहीं मिला। कैलाश डावर के विरुद्ध थाना महेश्वर में अपराध पंजीबद्ध के विवेचना में लिया गया। एवं दिनेश पिता रामा डावर के खेत से कुल 142 गांजे के पौधे जिसकी कुल कीमत 245000 रुपए पाई गई जिसे पुलिस ने जप्त किया व दिनेश डावर की तलाश करते हुए नहीं मिला। दिनेश डावर के विरुद्ध थाना महेश्वर में अपराधिक प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही ग्राम हिंडोला गवाड़ी में सुरेश पिता हरे सिंह निनामा के खेत से कुल 100 गांजे के पौधे जप्त किए गए जिसकी कुल कीमत 576500 रुपए को पुलिस द्वारा जप्त किया गया। सुरेश पिता हरे सिंह निनामा की तलाश करते हुए वह नहीं मिला। सुरेश पिता हरे सिंह निनामा के विरुद्ध भी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इस प्रकार पुलिस ने दोनों प्रकरणों में कुल 278 गांजे के पौधे जिसकी कीमत 988500 रुपए है।

